अभियान पत्रिका

April - May 2024

# सबने मिलकर ठाना है
# विकसित बहरोड़ बनाना है



## भाजपा सरकार के नेतृत्व में लगातार बहरोड़ की उन्नति में प्रयासरत

**मोहित यादव**
भाजपा नेता



mohitfriends.com | 9928895637 | mpalwarmp | yadavmohit | yadavmohitalwar | mpalwar | MohitYadav

आदरणीय प्रदेशाध्यक्ष महोदय,
भाजपा प्रदेश कार्यालय
जयपुर, राजस्थान

**विषय: बहरोड़ क्षेत्र में की गई सभी सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों की सूचना।**

बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र से मैंने हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव की तैयारी में पूर्ण सामर्थ्य के साथ अपनी भागीदारी निभाई। भाजपा द्वारा निर्देशित सभी दिशानिर्देशों का पालन करने के साथ साथ अपने स्तर पर जनता के बीच उपस्थित रहा। आगे भी जनसंवाद, आत्मीय भेंट व कुशल क्षेम का सिलसिला निरंतर जारी है।

**अलवर लोकसभा प्रत्याशी श्री भूपेंद्र यादव जी की नामांकन रैली में ख़ास भागीदारी**
27 मार्च 2024 को लोकसभा प्रत्याशी श्री भूपेंद्र यादव जी की नामांकन रैली में राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री श्री प्रेमचन्द्र बैरवा, बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव, तिजारा विधायक बाबा बालकनाथ, जिला अध्यक्ष उमेद भाया सहित कई गणमान्य नेताओं व भारी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। इस मौके पर आमजनों को रैली का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया। भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं के साथ रैली प्रबंधन और रैली के दौरान किसी को कोई असुविधा ना हो इस बात को सुनिश्चित किया।

**मोदी गारंटी के साथ 400 पार हेतु निरंतर प्रयास**
मोदी गारंटी के साथ राजस्थान के कई लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। 19 अप्रैल को पहले चरण का चुनाव संपन्न होने पर अलवर के बाद, दूसरे चरण के लिए अन्य क्षेत्रों में कमल खिलाने हेतु भाजपा का प्रचार प्रसार करता रहा। जिनमें, मुख्यतः केंद्रीय जल शक्ति मंत्री व जोधपुर से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। कई मौकों पर उनकी बेटी सुहाशिनी शेखावत जी के साथ भी जनता के बीच पहुंचा। जिससे 26 अप्रैल को हुए चुनाव में भाजपा को भारी संख्या में वोट मिले।

**जनसंवादों में केंद्र सरकार की जनहित योजनाओं की चर्चा**
अलवर लोकसभा क्षेत्र के सभी गाँव की चौपालों पर जाकर लोगों से जनसंवाद स्थापित किया। लोगों को केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गईं सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। चुनावी अभियान के शुरुआत से आखिर तक अपने क्षेत्र के प्रत्येक गांवों में जाकर घर घर जनसंपर्क किया। लोगों को भाजपा की विजय से होने वाले प्रभाव और जीत की आवश्यकता से अवगत कराया। पिछले 2 कार्यकालों में भाजपा द्वारा किए गए बड़े परिवर्तनों से होने वाले लाभ बताए।

**विभिन्न मीडिया माध्यमों द्वारा भाजपा का प्रचार प्रसार**
लगातार राष्ट्रीय, प्रादेशिक और क्षेत्रीय स्तर पर भाजपा की सभी उपलब्धियों को अपने सोशल मीडिया पेज पर साझा करता रहता हूं। मुख्य आयोजनों की मीडिया कवरेज करवाई। गाँव-कस्बों में जनसंपर्क के दौरान अपने संबोधन में भाजपा सरकार की नीतियों व योजनाओं का प्रचार प्रसार करता रहा हूं। भाजपा देश की आर्थिक व सामाजिक उन्नति के लिए आवश्यक है, सबको ये विश्वास दिलाने में जुटा हूं।

**गाँव चलो अभियान के तहत जनसंवाद**
गाँव चलो अभियान के अंतर्गत बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव जी सहित कई बड़े नेताओं के साथ गाँव की चौपालों पर लोगों से मिलकर उनकी शिकायतें सुनीं, उनकी ज़रूरतें नोट कीं और उसी वक़्त संबंधित अधिकारियों को कार्यवाई करने के निर्देश दिलवाए। इसके अलावा, जनता को लगातार इस बात का यकीन दिला रहा हूं कि राजस्थान में डबल इंजन सरकार के आने से उनकी समस्याओं का निवारण हो रहा है और नए अवसर बन रहे हैं।

**धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में उपस्थिति**
अपने क्षेत्र तथा आसपास के गाँव कस्बों में हो रहे धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में लगातार शामिल रहता हूं। भंडारा, कुआं पूजन, मुंडन, शोक सभा, अंतिम संस्कार जैसी सभी गतिविधियों में जनता के बीच मौजूद और सुख दुःख में यथा शक्ति उनके सहायता भी करता हूं।

माननीय, लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा 400 पार सीटों से विजयी हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए भाजपा नेता के तौर पर लोगों के साथ बेहद आत्मीय व गहरे संबंध स्थापित किए। आगे भी यही कर रहा हूं, जिससे भाजपा आगामी सभी चुनावों में अजेय बढ़त बनाए रहे।

आपकी जानकारी हेतु पत्र के साथ भाजपा संगठन को मज़बूत करने के लिए जनता से मिलने, भाजपा पदाधिकारियों, जिलाध्यक्ष, बूथ अध्यक्षों, पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करने तथा सोशल मीडिया जैसे तमाम माध्यमों पर किए गए प्रयासों को दर्शाने वाली कुछ प्रतियां एवं प्रेस विज्ञप्ति आदि संलग्न कर रहा हूँ।

**आपका विश्वासी,**
**मोहित यादव**
**भाजपा नेता**

# लोकसभा चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने हेतु अलवर सहित अन्य क्षेत्रों में चुनाव प्रचार










# लोकसभा चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने हेतु अलवर सहित अन्य क्षेत्रों में चुनाव प्रचार














# केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार

















# प्रिंट मीडिया माध्यम द्वारा भाजपा का प्रचार प्रसार

## 150 से अधिक सदस्यों ने छोड़ा कांग्रेस का साथ,थामा भाजपा का दामन

### कांग्रेस पार्टी के डेढ़ सौ से अधिक कार्यकर्ता बने भाजपा के सदस्य



बहरोड़।भाजपा नेता मोहित यादव के नेतृत्व में कांग्रेस के करीब डेढ़ सौ सदस्यों ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हैं। यह अपने आप में एक बहुत बड़ी घटना है और कांग्रेस के इस क्षेत्र में पूरी तरह से खिसकते जनाधार और भाजपा के पक्ष में चल रही एक तरफा लहर को दर्शाता है।उन्होंने भाजपा परिवार में शामिल होकर भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति व सबका साथ सबका विकास के संकल्पों को दोहराया। सभी ने पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व को सबसे प्रभावी व सफल बताया और बहरोड़ से डॉ. जसवंत सिंह यादव को सबसे बेहतर विकल्प कहकर अपना पूर्ण समर्थन दिया।इस मौके पर मोहित यादव ने सभी का स्वागत करते हुए पार्टी में उनके मान सम्मान को सुनिश्चित करने का वादा किया और भाजपा प्रत्याशी डॉ जसवंत सिंह यादव को खुला समर्थन देने के लिए धन्यवाद किया

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में युवा नेता मोहित यादव ने की शिरकत

### यात्रा को बताया क्रांतिकारी

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** भाजपा युवा नेता मोहित यादव शुक्रवार को कई अन्य भाजपा पदाधिकारियों एक कार्यकर्ताओं के साथ बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के गांव दोसोद में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने सभी गतिविधियों का अवलोकन किया और लाभार्थियों से संवाद किया। अपने संबोधन में मोहित यादव ने कहा बड़े हर्ष की बात है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति बहरोड़ सहित पूरे राजस्थान और भारत की जनता का गहरा रुझान देखने को मिल रहा है। जो अब तक अपने विश्वास और पक्का करने में विकसित भारत संकल्प यात्रा अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव और मोहित यादव विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ जुड़ने के लिए लगातार अपने क्षेत्र की जनता को प्रोत्साहित कर रहे हैं। नतीजतन अब तक भारी तादाद में बहरोड़ के लोग इस यात्रा द्वारा सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो चुके हैं। उक्त अवसर पर उमेद

## विकसित भारत संकल्प यात्रा एक क्रांतिकारी यात्रा है - मोहित यादव



विकसित भारत संकल्प यात्रा में संबोधन करते मोहित यादव

मयंक शर्मा कोटपुतली बहरोड़

बहरोड़। भाजपा नेता मोहित यादव अन्य भाजपा पदाधिकारियों एक कार्यकर्ताओं के साथ बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के गांव दोसोद में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने सभी गतिविधियों का अवलोकन किया और लाभार्थियों से संवाद किया। मोहित यादव ने कहा कि बड़े हर्ष की बात है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति बहरोड़ सहित पूरे राजस्थान और भारत की जनता का गहरा रुझान देखने को मिल रहा है। जो अब तक अपने अधिकारों से व सरकारी लाभ एवं अवसरों से वंचित थे, वह इस यात्रा के साथ विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। मोहित यादव ने यह भी कहा कि „मोदी गारंटी को लोगों तक पहुंचाने एवं विकसित भारत के निर्माण हेतु लोगों का विश्वास और पक्का करने में विकसित भारत संकल्प यात्रा अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है।„ गौरतलब है, बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव और मोहित यादव विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ जुड़ने के लिए लगातार अपने क्षेत्र की जनता को प्रोत्साहित कर रहे हैं। नतीजतन अब तक भारी तादाद में बहरोड़ के लोग इस यात्रा द्वारा सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो चुके हैं। इस अवसर



## बहरोड की पदयात्रा में छलका जनता का दर्द मोहित यादव ने दिखायी बीजेपी की मज़बूती

गर्वित हिन्दुस्तान




**बहरोड।** भाजपा नेता मोहित यादव ने जिला अध्यक्ष उम्मेद भाया के नेतृत्व में सरकार व बहरोड विधायक बलजीत यादव के खिलाफ पंचमुखी हनुमान मंदिर नगरपालिका के पीछे से तहसील तक पदयात्रा निकाली और बहरोड प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा हजारों की संख्या में लोग इस पदयात्रा भाजपा को सटीक विकल्प मानते हैं मंडल अध्यक्ष, कमल यादव, रमेश

भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा राजस्थान की राजनीति का सबसे क्रांतिकारी अध्याय साबित होगा

## परिवर्तन संकल्प यात्रा की तैयारी में जुटे भाजपा नेता मोहित यादव



[illegible]

## चुनावी जनसभाओं में शामिल हुए भाजपा नेता मोहित यादव

आयुष-अंतिमा नेटवर्क



**बहरोड़ ( विपिन शर्मा )।** भाजपा नेता मोहित यादव, डॉ.अभय सिंह यादव, रोहिताश्व यादव, डॉ.करण सिंह यादव, महेंद्र यादव, बस्तीराम यादव सहित कई भाजपा नेता, पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष व कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र बहरोड़ के दर्जनों गांवो में आयोजित चुनावी जनसभाओं में शामिल हुए। चौपालों पर उपस्थित आमजनों से भारतीय जनता पार्टी के अलवर लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव को जिताने के लिए 19 अप्रैल को बैलेट नंबर दो, कमल के निशान पर बटन दबाने की अपील की। अपने संबोधन में मोहित यादव ने बताया कि नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में बीजेपी सरकार ने पिछले दस सालों में देश के हर हिस्से में मौजूद सभी पिछडे, गरीबों, महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों तक सरकारी योजनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई। भाजपा अपने तीसरे टर्म में देश की आतंरिक स्थितियों को और मजबूत बनाने के साथ साथ विश्व पटल पर देश को तेजी से आगे ले जाने की दिशा में तेजी से काम करेगी। मोहित यादव ने भूपेंद्र यादव को रिकॉर्ड वोटों से जिताने की बात कही। सभी से 13 अप्रैल को हरसोली में आयोजित होने वाले गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुँचने का आग्रह किया। जनता ने माला व साफा पहनाकर नारों के साथ जोरदार ढंग से मोहित यादव का स्वागत सत्कार किया और उनके प्रस्वात का सहर्ष स्वागत करते हुए भूपेंद्र यादव को भारी मतों से जिताने का वादा किया। इसके अलावा, मोहित यादव बहरोड स्थित मोहल्ला सबलपुरा में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती समारोह में शामिल हुए। मोहित यादव ने ज्योतिबा फुले की फोटो पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनकी समाज सेवा, उन्नत सोच और समर्पण से प्रेरित होने की बात कही। उक्त अवसर पर रामपाल चैयरमैन नांगल चौधरी, बस्तिराम प्रधान, रोहिताश प्रधान, दयाराम साहब, अमरसिंह डेलीगेट, सुनील सरपंच, श्योताज पूर्व सरपंच, अनिल बोहरा व भाजपा के अन्य पदाधिकारी ओर कार्यकर्ता मोहित यादव के साथ उपस्थित रहे।

## नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के अंतर्गत निकाला पैदल मार्च

गर्वित हिन्दुस्तान



**बहरोड़।** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के अंतर्गत राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ बहरोड़ कस्बे में शांति मार्केट से पुराने कोर्ट तक पैदल मार्च निकाला गया। इस मार्च में मोहित यादव के साथ कई वरिष्ठ नेता, भाजपा पदाधिकारी, जन- भ्रष्टाचार किया बल्कि अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों में विकास के नाम पर करोडों रूपए के घोटाले किये हैं। यादव संपर्क से समर्थन अभियान के तहत गाँव खेड़की, काकरछाजा, खरखड़ा, खोहरी, गोलावास, हमीदपुर और महाराजावास में लोगों से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्हें भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और भाजपा के समर्थन में ष्नहीं सहेगा राजस्थानष् अभियान को भी

# सोशल मीडिया माध्यमों द्वारा भाजपा का प्रचार प्रसार






























# गाँव चलो अभियान के तहत जनसंवाद










# विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं जनहित से जुड़े कार्यों में उपस्थिति














mohitfriends.com | 9928895637 | mpalwarmp | yadavmohit | yadavmohitalwar | mpalwar | MohitYadav